Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to start the mobile services in tribal villages in Khiri, Uttar Pradesh.

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): माननीय अध्यक्ष जी, सरकार ने ढाई लाख गांवों में इन्फ्रास्ट्रक्चर फैलाकर डिजिटल इंडिया का ध्येय तय किया है । इसी सत्र में लोक सभा में प्रश्न के उत्तर में बताया गया था कि 26,000 गांव ऐसे हैं जहां मोबाइल सेवा नहीं पहुंची है । इन्हीं में मेरे लोक सभा क्षेत्र में जनजाति के 30 गांव हैं जहां मोबाइल सेवा नहीं है । चार साल पहले यह काम स्वीकृत हो गया था और वहां कुछ काम भी हो गया था, लेकिन दो वर्षों से काम रुक गया है ।

20.00 hrs

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र लखीमपुर खीरी के जनजातीय क्षेत्र में मोबाइल सेवा प्रारंभ करने के लिए जो स्वीकृत योजनाएं हैं, उन पर शीघ्र काम प्रारंभ कराकर उनके टॉवर बनाए जाएं और मोबाइल सेवा शुरू करके डिजिटल इंडिया के लक्ष्य से इसको जोड़ा जाए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।